


# युवा उत्सव में हुई गायन, वादन, नृत्य, लोकनृत्य प्रतियोगिताएं

▸ **शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुए दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव में विजेताओं को किया पुरस्कृत**



**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत पाश्चात्य एकल गायन, पाश्चात्य समूह गायन, शास्त्रीय एकल वादन परकशन एवं शास्त्रीय एकल वादन नॉन पर्कशन शास्त्रीय एकल नृत्य एवं लोकनृत्य समूह का आयोजन किया गया।

पाश्चात्य एकल गायन प्रतियोगिता में शुभ्रा गोस्वामी, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंजली वर्मा, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पाश्चात्य समूह गायन प्रतियोगिता में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दल ने द्वितीय स्थान में प्राप्त किया। शास्त्रीय एकल वादन पर्कशन में हर्ष दशलानिया, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मुदित देवलेकर, शासकीय माधव स्नातकोत्तर पीएम श्री महाविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय एकल वादन नॉन पर्कशन में हर्षिता शर्मा, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में ऐश्वर्या शर्मा, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पाश्वी आचार्य, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत समूह नृत्य प्रतियोगिता में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दल ने द्वितीय स्थान में प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज एवं प्रो उमा शर्मा भी उपस्थित रही। विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरण सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ अर्पण भारद्वाज तथा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने किया एवं सभी प्रतिभागियों को अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। संचालन संगीत विभाग के रवि कुमार पंडोले ने किया तथा आभार प्रदर्शन संयोजक डॉ. वर्षा अग्रवाल ने किया।



# क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, उज्जैन संभाग को सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** आगर मालवा में माह अक्टूबर 2025 का वेतन रोके जाने के मामले में हस्तक्षेप कर त्वरित वेतन भुगतान कराये जाने की मांग को लेकर न्यू बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, जिलाध्यक्ष एस पी अहिरवार के नेतृत्व में राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओपी यादव की अध्यक्षता में एवं प्रदेश संगठन मंत्री शकुंतला कौशल, संभागीय उपाध्यक्ष एल एन गहलोत, जिला उपाध्यक्ष नवीन पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष महेश धनेलिया, हमीद खान आदि की उपस्थिति में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग उज्जैन डॉ दीपक पिप्पल को ज्ञापन दिया।

एम आर मंसूरी ने कहा कि धरती पर माता पिता के पश्चात परमेश्वर के दूत के रूप में चिकित्सक व चिकित्साकर्मियों का नाम लिया जाता है परंतु उज्जैन संभाग के जिला आगर मालवा में चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सेवाएं करने के बावजूद उनका वेतन भुगतान माह अक्टूबर 2025 का रोक दिया गया है जिससे करवा चौथ, दीपोत्सव, भाईदूज सहित इनके सारे त्यौहार फीके पड़ गये है और माह नवंबर 2025 आरंभ होते ही पुराना बकाया वेतन आने की आस में बैठे इन स्वास्थ्य अधिकारियों कर्मियों का वेतन भुगतान न होने से सभी में आक्रोश है, असंतोष है, दु:ख का भाव है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला आगर मालवा व सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय आगर मालवा को ज्ञापन प्रेषित किये परंतु अब तक कोई प्रतिसाद नही मिल सका है। ज्ञापन सौंपते हुए एम आर मंसूरी ने कहा कि इनके इस कठिन समय में आप ही हमारी आशा के दीपक के रूप में बकाया वेतन का भुगतान करवाकर हमें संकट से उबारकर हमारे संकटमोचन बन सकते है इन स्वास्थ्य कर्मियों अधिकारियों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो चली है जबकि ये आगर मालवा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की धुरी है ऐसे में इनके हितों पर कुठाराघात अस्वीकार है। आपने अपने कार्यकाल में अनेक साहसिक व अभूतपूर्व निर्णय 'लेकर स्वास्थ्य जगत में इतिहास रचा है। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग उज्जैन से आग्रह किया कि आगर मालवा जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मियों, चिकित्सकों का माह अक्टूबर 2025 का बकाया वेतन भुगतान कराये जाने की कृपा करें।

## एक नजर में

### कार्तिक पूर्णिमा पर ईष्ट देव की आरती व मंगलाष्टक किए



**नागदा।** सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज, महिला मंडल एवं युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में समाज के ईष्टदेव भगवान गोविंद माधव जी की जयंती का भव्य आयोजन बुधवार को गोविंद माधव मंदिर, धर्मशाला परिसर, प्रकाश नगर में उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गोविंद माधव की प्रतिमा के अलंकारिक श्रृंगार तथा स्वस्ति मंत्रो के साथ देव आव्हान से हुआ। तत्पश्चात भव्य आरती संपन्न की गई, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और जय गोविंद माधव के जयघोष से सम्पूर्ण परिसर गुंजायमान हो उठा। आयोजन सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल, महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना दवे तथा युवा संगठन अध्यक्ष अजय पंड्या के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। संपूर्ण आयोजन में समाज बंधुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और श्रद्धापूर्वक भगवान गोविंद माधव के दर्शन कर औदिच्य दिवस मनाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि गोविंद माधव जयंती समाज की आस्था, एकता और वैदिक परंपरा का प्रतीक पर्व है, जो सभी को धर्मनिष्ठा की प्रेरणा देता है। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

### अंबेडकर की मूर्ति लगाने के लिए भूमि आवंटन को लेकर दिया ज्ञापन



**घट्टिया।** तहसील मुख्यालय घट्टिया पर भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय बलाई महासभा के नेतृत्व तहसीलदार आदर्श शर्मा को ज्ञापन दिया गया। मांग की गई कि स्व.नागूलाल मालवीय बस स्टैंड घट्टिया पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने के लिए भूमि आवंटित की जाए। अखिल भारतीय बलाई महासभा जिला अध्यक्ष जगदीश मकवाना, तहसील अध्यक्ष प्रकाश सिंदल, जिला महामंत्री मनोज मालवीय, मातृशक्ति संतोष मालवीय, रेणुका गांधी, विकास मालवीय, भारत मालवीय, रितेश मालवीय, बाबूलाल मालवीय, धर्मेंद्र मालवीय, कनीराम मालवीय, कैलाश मालवीय, जगदीश चौहान, जीवन मालवीय, धर्मेंद्र मालवीय, दिनेश मालवीय, राजेंद्र मालवीय उपस्थित थे।

### मुकाती मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निर्वाचित



**खाचरौद।** मप्र युवा कांग्रेस के चुनाव का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें नागदा खाचरौद विधानसभा क्षेत्र से गांव मडावदा निवासी युवा किसान नेता रवि मुकाती प्रदेश महासचिव पद पर निर्वाचित हुए। उनके युवा कांग्रेस चुनाव में निर्वाचित होने पर स्नेहीजन सहित कांग्रेस नेताओं ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया। गौरतलब है कि मुकाती पूर्व में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सहित युवा कांग्रेस में कार्य कर चुके हैं। साथ ही वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामलाल मुकाती के पुत्र हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा पर सेवा सत्कार द्वारा 2101 दीपों से उज्जैन में शिप्रा तट आलोकित




**उज्जैन।** पवित्र कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सेवा सत्कार के तत्वावधान में 2101 दीपों का दीपदान मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तट पर किया गया। सेवा सत्कार के विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि सेवा सत्कार देश-विदेश के भक्तों को ऑनलाइन पूजा एवं चढ़ावा सेवा प्रदान करता है। सेवा सत्कार द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्तों को भी इस दिव्य कार्यक्रम में ऑनलाइन के माध्यम से सहभागिता का अवसर दिया। देश और विदेश से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन माध्यम से दीपदान में भाग लेकर अपने भाव अर्पित किए।

# फोर लेन रोड निर्माण में फ्लाइओवर बनाया जाए



**घट्टिया।** उज्जैन-आगर-झालावाड़ फोर लेन रोड निर्माण का कार्य होना है जिसमें टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। घट्टिया तहसील मुख्यालय है व क्षेत्र के अनेक गांवों को जोड़ता है। तुलाहेड़ा-धन्नाखेड़ी रोड, डाबरी मालीखेड़ी रोड, जगोटी रोड, जलवा झीतरखेड़ी, बिछड़ौद रोड आदि गांवों के पहुच मार्ग है। साथ ही नवोदय विद्यालय पहुंच मार्ग, शासकीय कॉलेज पहुंच मार्ग, मॉडल स्कूल पहुंच मार्ग, एसडीएम तहसीलदार कार्यालय पहुंच मार्ग, शासकीय अस्पताल, जनपद पंचायत मार्ग सहित अनेक मार्ग निकलते है। इसी के साथ पुराना गांव पहुंच मार्ग पूर्व दिशा में व नयी बस्ती पश्चिम में स्थित है व व्यापार हेतु मुख्य बाजार भी जीरो पॉइंट (तुलाहेड़ा) मार्ग से लेकर लवखेड़ी हनुमान मंदिर तक है। फोर लेन सड़क निर्माण होने से अनेक दुकाने रोड की जद में आने से टूटेगी व रोड में क्रॉसिंग के लिए एक या दो जगह कट होने से आवागमन में परेशानी होगी। तहसील मुख्यालय होने से आसपास के अनेक गांवों के लोगों का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है। आवागमन को सुचारू रूप से चलाने व लोगों की सुविधाओं के देखते हैं। क्षेत्र के रहवासियों की मांग है कि वर्तमान में जो रोड है उसे यथावत रहने दिया जाए व भैरु महाराज, शनि महाराज मंदिर, गैस प्लांट के आगे से लवखेड़ी मंदिर तक फ्लाइओवर का निर्माण किया जाए। जिससे कि हाई-वे पर जाने वाले वाहन फ्लाइओवर से होकर निकल जाए व अन्य आवागमन फ्लाइओवर के नीचे से सुचारू रूप से चलता रहे। इसी के साथ लोगो का यह भी कहना है कि यदि फोर लेन में वाहन क्रॉसिंग हेतु अनेक जगह कट दिए जाएंगे तो भी दुर्घटनाओं का भय रहेगा इसलिए भी सुरक्षा की दृष्टि से फ्लाइओवर का निर्माण जरूरी है।



# विधायक डॉ. चौहान ने ग्राम मोकड़ी, आक्याजागीर और घिनौदा में निर्माण कार्यों का भूमि पूजन


**खाचरौद।** विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने ग्रामीण जन के साथ तहसील के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम मोकड़ी में 38 लाख की राशि से नवीन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पंचायत भवन का भूमिपूजन, ग्राम घिनौदा में 34 लाख की राशि से नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। इसी कड़ी में ग्राम आक्याजागीर में 20 लाख की राशि से सीसी रोड़ निर्माण और पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया।

उक्त अवसर पर विधायक डॉ. चौहान ने ग्रामीणों व किसानों से चर्चा करते हुए बताया गया कि खाचरौद से बेरछा होते हुए बनवाड़ा-मोकड़ी मार्ग और चांपाखेड़ा से बड़ावदा तक जो सड़क जर्जर हो गई है उसे अतिशीघ्र ठीक करवा कर टू लेन बनवाने के लिए आश्वस्त किया। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में चंबल नदी पर जहां-जहां भी डेम की मांग किसानों द्वारा विगत कई वर्षों से की जा रही है। वहां भी इसी कार्यकाल में डेम शासन से स्वीकृत कराकर अतिशीघ्र निर्माण शुरू करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। उक्त अवसर पर लालसिंह सिसोदिया बंजारी, गजेन्द्रसिंह सोलंकी, गजेन्द्रसिंह राठौर, संतोष पटेल यदुनाथसिंह गुर्जर, गोपाल पाटीदार, शांतिलाल वाक्तरिया सहित अन्य ग्रामीण, आक्याजागीर में बहादुरसिंह आंजना, भंवरलाल कावरिया, पन्नालाल ररोतिया, बालाराम गुलिया, राजेश बंबोरिया, विशाल आंजना, बद्रीलाल बंबोरिया, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करें, शिक्षा को ताकत बनाएं

▸ **श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ की बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने**

▸ **महापीठ का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की**



**उज्जैन।** अब समय आ गया है कि हम महापीठ का विस्तार करते हुए, समाज में फैली कुरितीयो को समाप्त करें, और शिक्षा को हमारी सबसे बड़ी ताकत बनाएं। अगर समाज को आगे बढ़ाना है, तो हमें एकजुट होकर चलना होगा। यही एकता हमारी पहचान है, यही हमारी शक्ति है। संत शिरोमणि गुरु रविदासजी ने कहा है मन चंगा तो कठौती में गंगा।卐 ये केवल एक पंक्ति नहीं, बल्कि जीवन का सत्य है। अगर हमारा मन पवित्र है, हमारे कर्म सच्चे हैं, तो ईश्वर हमारे हर कार्य में विद्यमान है। हम सभी प्रेम, श्रम तथा सेवा के मार्ग पर चलें।

यह बात श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ की बैठक को संबोधित करते हुए महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने ने कही। रविदास चौक संत रविदास मंदिर प्रांगण में श्री गुरू रविदास विश्वमहापीठ मध्यप्रदेश के नीमच जिला कार्यसमिति की बैठक महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने के मुख्य आतिथ्य में हुई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सुर्यवंशी की गरिमामय उपस्थित में हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बालाराम रारोतिया ने की। सर्व प्रथम अतिथियों ने सत गुरूदेव को माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपस्थितजनों ने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने व रमेशचंद्र सुर्यवंशी का गर्मजोशी से स्वागत सम्मान, अभिनंदन किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष बालाराम रारोतिया ने प्रदेश अध्यक्ष की सहमती से महापीठ का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमे जिला प्रभारी बगदीराम मकवाना, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बोरिया, तहसील अध्यक्ष आनन्दी बेन परमार, उपाध्यक्ष मदनलाल झड़गामा, उपाध्यक्ष प्रकाश परमार, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर राठौर, सचिव बद्रीलाल कपासिया, कोषाध्यक्ष राजूलाल मकवाना, सह कोषाध्यक्ष राधेश्याम धमानिया, प्रचार मंत्री रमेश झड़गामा और सह प्रचार मंत्री आशाराम परमार आदि को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अजय पडियार, बाबुलाल परियार, आर दडींग, गोविन्द राम दडींग, मोहन दास वोरसिया, रामचंद्र पडीहार, सुरज परमार, राजेश परमार, कैलाश राठौर, ओमप्रकाश वोरसिया सहित मातृशक्ती भी मौजूद रहीं।

**एक नजर** जज़्बा प्रीमियर लीग में द डिसाइडर्स उप विजेता

# ज़ारा फ़ाइटर्स टीम बनी अंडर-19 टर्फ क्रिकेट विजेता

**उज्जैन। खेलों में युवाओं की प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जज़्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा 19 साल से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए जज़्बा प्रीमियर लीग का आयोजन गॉड ज़िला टर्फ पर किया गया।**

मुख्य अतिथि उज्जैन मुशायरा कमेटी के अध्यक्ष शकील अहमद सिद्दीकी पटवारी रहे। पटवारी ने कहा कि उज्जैन शहर में पहली बार बच्चों के लिए इतना अच्छा आयोजन किया गया है। आपने साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में से ही नई प्रतिभाएं आगे आती हैं। कार्यक्रम के विशेष अतिथि इवेंट मैनेजर ज़मीर उल हक ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियर सरफराज कुरेशी ने कहा कि जज़्बा का ये प्रयास समाज में छुपी प्रतिभाओं को नया मंच देता है। संचालन करते हुए नईम खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 19 टीमों ने हिस्सा लिया। समीर उल हक और हारून नागौरी ने बताया कि सभी टीमों को नॉक आउट पद्धति से खिलाया गया। फरीद कुरैशी और फैज़ जाफरी ने बताया कि कड़ी टक्कर की इस प्रतियोगिता में फाइनल में दो टीमों को प्रवेश मिला। टूर्नामेंट में 5 ओवरों में सर्वाधिक 130 रनों का पहाड़ खड़ा करने वाली टीम कुरैशी फ़ाइटर्स सेमीफाइनल तक ही पहुंच सकी। इरशाद नागौरी और अत हर आलम अंसारी ने बताया कि मोहम्मद अर्श कुरैशी द्वारा किए गए टॉस को ज़ारा फ़ाइटर्स ने जीता और पहले बल्लेबाज़ी का निर्णय किया। मंसूर हुसैन और असलम मंसूरी ने बताया कि फ़ाइनल मेच में निर्धारित 5 ओवर में पहले खेलते हुए ज़ारा फ़ाइटर्स टीम ने मात्र 55 रनों का टारगेट दिया। वसीम अब्बास और भुरू शेख ने बताया कि इसके बाद खेलते हुए उपविजेता टीम द डिसाइडर्स निर्धारित ओवरों में मात्र 40 रन ही बना सकी। ज़फ़र आलम अंसारी और जावेद कुरेशी इंजीनियर ने बताया कि विजेता टीम ज़ारा फाइटर्स को रु 11000/ का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई। गुलरेज़ खान और इंसाफ कुरेशी ने बताया कि उप विजेता टीम द डिसाइडर्स को रु 5500/ का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई। सरफराज हुसैन और सफदर बेग ने बताया कि विजेता एवं उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भी दिए गए। शफीक खान और सलीम देहलवी ने बताया कि जज़्बा द्वारा उपस्थित सम्माननीय अतिथियों के हाथों से मेन ऑफ द सीरीज, मेन ऑफ़ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर आदि के नकद पुरस्कार और ट्रॉफी भी प्रदान किए गए। सादिक खान और आरिफ खान तराना ने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने के लिए उपस्थित जनसमुदाय ने भी अच्छे कैच, अच्छी फील्डिंग, हर चौके, छक्के आदि पर नकद पुरस्कार भी दिए। इस अवसर पर जज़्बा मेम्बरों सहित शहर के गणमान्य नागरिक सर्व अनवर नागौरी, मुस्तक़ीम ख़ान, ज़ाकिर मंसूरी, टर्फ़ मालिक अज़हर भाई, अयान नागौरी, शावेज़ अली, बिलाल हसन, शादाब लाला, अब्दुल मंसूरी, वहीद भाई कोटा, पप्पू नेता, अज़हर नागौरी, क़ादर भाई, शाहनवाज़ असीमी, शमरोज़ मंसूरी आदि उपस्थित थे। पूरे टूर्नामेंट की एम्पायरिंग अयान नागौरी, राजा भाई, जानू भाई द्वारा और बेहतरीन कॉमेंट्री ज़ाकिर मंसूरी, इरशाद नागौरी और जावेद भाई द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन नईम खान ने किया और आभार फ़रीद कुरैशी ने माना।

